## गोली लगने के बाद भी बदमाशों से नहीं डरा सराफा व्यापारी

**• एक किलोमीटर मोटर साइकिल दौड़ाकर खुद को लुटने से बचाया**



**शहडोल, देशबन्धु।** लूट के इरादे से बदमाशों ने व्यापारी पर गोली दाग दी। गोली व्यापारी के पैर में लगी और व्यापारी लहूलुहान हो गया। लेकिन इसके बाद भी व्यापारी ने हार नहीं मानी और घायल हालत में ही बाइक लेकर भागता रहा। बदमाश उसके पीछे लग रहे। लगभग 1 किलोमीटर दूर तक बदमाशों से बचते हुए व्यापारी गांव की बस्ती तक पहुंच गया और लोगों से मदद की गुहार लगाने लगा। बदमाशों ने जब देखा कि अब अगर आगे बढ़े तो फस जाएंगे तो वह मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार केशवाही चौकी के गिरवा गांव में हर शुक्रवार को हाट बाजार लगती है, जिसमें खरीदी बिक्री के लिए दूर दराज से व्यापारी एवं लोग पहुंचते हैं। पुलिस ने बताया की शुक्रवार को हाट बाजार में केशवाही के रहने वाले प्रिंस सोनी एवं राजेश सिंह बरगाही भी सोने चांदी के जेवरात लेकर गिरवा बाजार पहुंचे थे। बाजार खत्म होने पर शुक्रवार की रात लगभग 9 बजे सराफा व्यापारी प्रिंस सोनी और राजेश सिंह मोटर साइकिल में सवार होकर अपने घर केशवाही के लिए रवाना हुए। तभी सकरा पुलिया के पास सफेद रंग की रेसर बाइक में सवार दो बदमाशों ने व्यापारी के पास रखे नगद रुपए से भरा बैग एवं जेवरात लूटने के प्रयास में व्यापारियों पर गोली दाग दी। गोली सराफा व्यापारी प्रिंस के पैर में जा लगी और वह घायल हो गया।

बफमाशों ने उन्हें रोकने की कोशिश की और व्यापारी के पास रखे सोने चांदी के जेवरात से भरा बैग एवं नगद रुपए उनसे छीनने की काफी कोशिश की। लेकिन गोली से घायल होने के बाद भी व्यापारी प्रिंस ने अपनी मोटर साइकिल नहीं रोकी और जख्मी हालत में ही लगभग 1 किलोमीटर दूर बाइक दौड़ाने के बाद वे सकरा बस्ती तक पहुंच गए, और चिल्ला चिल्ला कर लोगों से मदद मांगने लगे। हो हल्ला सुनकर गांव के लोग भी वहां पहुंच गए। बदमाशों ने यह सब देखा तो वे डर कर भाग गए।

पुलिस ने बताया कि प्रिंस सोनी एवं राजेश सिंह के पैर में गोली लगी है। हमलावरों ने दो गोलियां चलाई हैं जिसमें दो लोग घायल हुए हैं, प्रिंस सोनी सोने चांदी का व्यापार करते हैं और उनके साथ राजेश सिंह रहते है। घायल व्यापारियों ने सकरा बस्ती पहुंच लोगों को आवाज दी, कुछ लोग सड़क पर ही टहल रहे थे, खून से लथपथ व्यापारियों को देख लोग दौड़ पड़े और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक बदमाशों का कुछ पता नहीं चल सका था।

## उमरिया में 14 घंटे बाद मिली अपहृत बच्ची

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के चंदिया थाना क्षेत्र से अपहृत बच्ची (9) को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। घटना कल शुक्रवार शाम करीब 4 बजे की है। स्कूल से घर लौटते समय एक युवक ने बच्ची को बाइक पर जबरन ले गया था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया था

उमरिया जिले के चंदिया नगर परिषद के पास स्थित माध्यमिक विद्यालय से छुट्टी के बाद एक बच्ची का अज्ञात बाइक सवार ने अपहरण कर लिया। बच्ची अपने गांव छोट बरही पहुंच चुकी थी, तभी बाइक सवार उसे जबरन अपनी बाइक पर बैठाकर धौरखोह सलैया की ओर भाग गया।

घटना के समय बच्ची के दादा खेत में मौजूद थे। उन्होंने बच्ची की चीख-पुकार सुनकर शोर मचाया, लेकिन शातिर बदमाश फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक उमरिया निवेदिता नायडू ने पूरे जिले में नाकेबंदी के आदेश जारी किए हैं। साथ ही, जिले की सीमाओं को सील कर कटनी पुलिस को भी सतर्क कर दिया गया। पुलिस संदिग्ध बाइक सवार की तलाश में जुटी हुई है और इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

### पड़ोसी युवक ले गया था, दो सौ पुलिसकर्मी जुटे थे तलाश में

उमरिया एसडीओपी डॉक्टर नागेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि चंदिया थाना क्षेत्र से एक 9 वर्षीय बच्ची का स्कूल से निकलते ही अज्ञात बाइक सवार द्वारा अपहरण कर लिया गया है। बदमाश के पीछे कुछ लोग दौड़े, लेकिन उसका कोई पता नहीं लग पाया। अब पुलिस ने बच्ची को तलाश लिया है लेकिन आरोपी फरार हो गया7 पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को भी तलाश लिया जाएगा।

## सार-समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आशा कार्यकर्ताओं को भेंट किया पौधा



**ब्यौहारी, देशबन्धु।** ब्यौहारी 08/02/2025 को सिविल अस्पताल ब्यौहारी के सभागार में *अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस* के अवसर पर अपने गांव में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु लिए पांच आशा कार्यकर्ताओं को भेट स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं एक पौधा प्रदान किया गया जिसमें राजकुमारी सिंह देवरी , सीता रजक खड़हुली रेखा बैस पपडेरी, माया अखेतपुर पटेल ,अनिता सिंह सरवाही कला को दिया गया तथा निशा साहू पति राम कृष्णा राठौर ब्यौहारी वार्ड क्रमांक 12 को महिला नसबंदी के लिए प्रमाण पत्र दिया गया इसी कड़ी में मुख्य खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी गई उक्त कार्यक्रम में मुख्य खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अमित प्रकाश चौधरी, डॉक्टर अमरदीप पटेल, श्री मती किरण पटेल बीईई , रामकल्याण सिंह बैस बी सी एम् , विवेक सिंह डीपीएम एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### लोक अदालत में 37 प्रकरणों का हुआ निपटारा

**लगभग 7लाख रुपए की हुई वसूली, प्रदान किए गए पर्यावरणी फलदार पौधे**

**मझौली, देशबन्धु।** उच्च न्यायालय के निर्देशन व आदेशन में पूर्व निर्धारित दिनांक व दिन अनुसार आज 8 मार्च को जिले भर के साथ मझौली सिविल न्यायालय नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई। बताया जा रहा है आयोजित इस नेशनल लोक अदालत में कई वर्षों से चल रहे प्रकरणों का आपसी सुलह करते हुए राजीनामा के आधार पर दो खंड पीठ के कुल 37 आपराधिक एवं न्यायिक प्रकरणों का आपसी राजीनामा से निपटारा करते हुए चेकबाउंस के एक प्रकरण में 2 लाख रुपए की रिकवरी समझौता एवं जल,गृह कर तथा,बैंक ऋण रिकवरी में 6.98.917 रुपए जमा कराई गई।



आयोजित इस नेशनल के राजीनामा में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता सुधींद्र शुक्ला, महेंद्र सिंह गौतम, कमलेश रजक , राजेश सिंह, सदस्य कन्हैया लाल द्विवेदी, एसके पांडे, आरके बैस के कोर्ट कर्मचारी राजेश बंसल, राजेंद्र वंशकार, शैलेश मिश्रा, बालेंद्र के साथ-साथ अन्य अधिवक्ताओं तथा सिविल न्यायालय के अधिकारीयों कर्मचारीयों का विशेष योगदान रहा। आयोजित नेशनल लोक अदालत में पर्यावरण संरक्षण एवं पौध रोपण कार्यक्रम के तहत प्रकरण निपटारने आए लोगों को औषधीय एवं फलदार पौधे प्रदान करते हुए पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए पौंधा रोपण के लिए प्रेरित किया गया। बताया जा रहा है कि इस नेशनल लोक अदालत में सबसे अधिक प्रकरण अधिवक्ता कमलेश रजक के द्वारा आपसी राजीनामा करते हुए निपटारा कराया गया है।

### ब्लैक डायमंड लेडीज क्लब को मिला प्रथम पुरस्कार

**शहडोल, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर इनर व्हील क्लब शहडोल द्वारा हमारी संस्कृति और हमारा स्वाद को लेकर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अनेकों महिला क्लब द्वारा स्टाल लगाए गए थे। इसमें शहडोल जिले की जानी-मानी विचारपुर कोयला खदान के महिला क्लब ब्लैक डायमंड लेडीज क्लब की पदाधिकारी ने भी अपने व्यंजनों का स्टॉल लगाया था। जिसमें उन्हें प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। ब्लैक डायमंड लेडीज क्लब की अध्यक्ष सीमा खादरी ने अतिथियों से इस पुरस्कार को प्राप्त किया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह और भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा उपस्थित रहीं। विचारपुर कोयला खदान के महिला क्लब ब्लैक डायमंड लेडीज क्लब को प्रथम पुरस्कार मिलने पर विचारपुर कोयला खदान के अधिकारियों और स्टॉफ ने बधाई प्रेषित की है।

## महिला सशक्तिकरण से ही राष्ट्र का निर्माण संभव

**शहडोल, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय शहडोल द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं स्वच्छता पर विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला शिक्षाएवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास अधिकारी मनोज लारोकर रहे जबकि अध्यक्षता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट शहडोल के प्राचार्य रमाशंकर गौतम ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ व्याख्याता, पुष्पेंद्र तिवारी वरिष्ठ व्याख्याता, श्रीमती राय वरिष्ठ व्याख्याता, श्रीमती प्राची भटनागर वरिष्ठ व्याख्याता, श्रीमती अनामिका मिरा व्याख्याता, श्रीमती अभिलाषा मिश्रा सहायक प्राध्यापक एवं केदार प्रसाद मिश्रा शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज लारोकर ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि जब तक देश की नारी सशक्त नहीं होगी तब तक राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्राचीन समय में बढ़ती कुरीतियों के कारण नारी शक्ति के स्वरूप को उजागर नहीं किया गया परंतु वर्तमान में समाज में बढ़ रही जागरूकता के कारण महिला प्रत्येक क्षेत्र में शिक्षा, तकनीकी, स्वास्थ्य, शासकीय सेवा, व्यापार एवं अन्य क्षेत्रों में अपने हुनर का परचम लहरा रही है समाज की कुरीतियों विपरीत मानसिकता जैसे घरेलू हिंसा, दैहिक शोषण, लिंग भेदभाव जैसे अपराध होने के कारण महिलाऐं सशक्त होने में पूर्व वंचित रहीं हैं जिससे देश का विकास तीव्रता से हो पाना संभव नहीं था, लेकिन आज महिलाओं के लिए भारत शासन द्वारा कठोर कानून बनाए गए हैं तथा महिलाओं हेतु जन कल्याणकारी योजनाऐं संचालित किए जा रहे हैं तथा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिससे देश की महिलाओं बालिकाओं को सम्मान के साथ-साथ समान अधिकार प्राप्त हो सके तथा विकसित राष्ट्र निर्माण में सहभागी बन सके।




स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डाइट के प्राचार्य रमाशंकर गौतम ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपनी योग्यता दिखा रही हैं। उन्होंने कहा की नारी सम्मान से ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस दौरान डाइट में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के मध्य चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं भाषण, प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को मंचस्थ अतिथियों के करकमलो से पुरस्कार व विभागीय प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। केन्द्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय शहडोल के प्रभारी प्रचार अधिकारी एच.के. मारकवाडे द्वारा विधिवत विभागीय गतिविधियों की जानकारी के साथ महिला सशक्तिकरण एवं भारत शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

## पुलिसकर्मी व युवती ने वाहन चालक को पीटा, मांगे पैसे

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में डीजे वाहन चालक के साथ पुलिसकर्मी और युवती ने गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। इस दौरान युवक ने वीडियो बना लिया और कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई दी। पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस से आरोपी पुलिसकर्मी और उसके साथ मौजूद युवती पर कार्रवाई करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, घटना स्टेडियम रोड पर बीती रात की। वाहन चालक ने बताया कि वह एक विवाह कार्यक्रम में डीजे लेकर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में वाहन का डीजल खत्म हो गया, तभी बाइक पर सवार एक पुलिसकर्मी और युवती उसके पास पहुंचे और सड़क पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर गाली-गलौज कर पैसे मांगने लगे। जिसका विरोध करने पर पुलिसकर्मी ने उसके साथ मारपीट की।

पीड़ित सूरज ताम्रकार, निवासी पुरानी बस्ती, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार शाम करीब 6-30 बजे वह डीजे लेकर धुरवार जा रहा था। इस दौरान स्टेडियम के सामने वाहन का डीजल खत्म हो गया। उसने वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर डीजल भरना शुरू किया। इस बीच बाइक (क्रमांक एमपी 21 एमए 1344) से एक पुलिसकर्मी युवती के साथ वहां पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए 1,000 रुपए की मांग करने लगा। जब उसने पैसे देने से मना किया तो पुलिसकर्मी ने मारपीट कर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। मारपीट में युवक को चोट भी आई।

कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र तिवारी ने बताया कि डीजे चालक ने मामले की लिखित शिकायत दी है। आरोपी पुलिसकर्मी सुशील पटेल है, जिनकी तैनाती पुलिस लाइन में है। युवती कौन है, इसका अभी पता नहीं चल पाया है। युवक ने कुछ वीडियो भी दिखाए हैं। मामले की जांच की जा रही है।

## मझौली में शतचंडी महायज्ञ व देवी भागवत का समापन व भंडारा आज

**आयोजक गणों द्वारा भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने लोगों से की गई अपील**

**मझौली, देशबन्धु।** नगर क्षेत्र मझौली वार्ड क्रमांक 14 में जगज्जननी भगवती श्री दुर्गा श्रीश्री धुमावल माता मंदिर प्रांगण में 1 मार्च से आयोजित नौ दिवसीय हवनात्मक श्रीशतचण्डीमहायज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा का समापन आज 9 मार्च को पूर्णाहुति, कुमारी पूजन व भण्डारे के साथ किया जाएगा।

बताते चलें कि क्षेत्र वासियों के सुख -शांति एवं कल्याण के लिए विगत दो वर्ष से देवी मंदिर में तपस्वी जीवन व्यतीत करने वाले जो अब त्यागी बाबा के नाम से क्षेत्र में जाने जाते हैं रमेश चतुर्वेदी जी ए चतुरमासा व्रत भी पूर्ण कर चुके हैं के यजमानत्व में जगज्जननी भगवती श्री दुर्गा श्रीश्री धुमावल माता के अशेष अनुकंपा से क्षेत्र वासियों द्वारा स्वामी श्री आनंदानंदनाथ जी व श्रीश्री 108 श्री त्यागी जी महाराज के सानिध्य मे नौ दिवसीय हवनात्मक श्रीशतचण्डीमहायज्ञ एवं श्री सद्गुरूदेव भगवान व श्री आशुतोष जी महाराज जो चतुर्वेदी परिवार व क्षेत्र वासियों के पूज्य गुरु महाराज है के सानिध्य में श्रीमद् देवी भागवत कथा विधि-विधान के साथ संपन्न हुई है।



श्रीमद देवी भागवत कथा का प्रासंगिक वर्णन चरित्र -चित्रण के साथ पंडित पुरुषोत्तम शास्त्री जी के मुखारविंदु से संचरित की गई। जहां प्रत्येक दिन क्षेत्र के महिला पुरुष लोग भारी संख्या में पहुंच श्रीशतचण्डीमहायज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किये। आयोजित इस श्रीशतचण्डीमहायज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा का समापन आज 9 मार्च को पूर्णाहुति कुमारी पूजन तथा भंडारे के साथ संपन्न होगा।आयोजक गणों ने क्षेत्र वासियों से भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

## कंडे की होली जलाएं, लकड़ी और पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश देने निकली युवाओं की टीम

**उमरिया, देशबन्धु।** आओ जलाएं कंडे की होली अभियान से जुड़े युवा ने कहा कि हम गाय के गोबर से बने कंडों की होली जलाकर न केवल पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं, बल्कि गौशालाओं के विकास में भी योगदान दे सकते हैं। कंडों की होली जलाने से लकड़ी की बचत होगी और पर्यावरण सुरक्षित रहेगा।

आओ जलाएं कंडे की होली अभियान के संयोजक हिमांशु तिवारी ने बताया कि युवा टीम उमरिया के सदस्यों द्वारा इस वर्ष भी लकड़ी की जगह कंडों से होलिका दहन किया जाएगा। इसके लिए टीम के सदस्य गांव-गांव और घर-घर जाकर कंडे इकट्ठा करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि होलिका जलाते समय अक्सर हम अति उत्साह में आकर कई क्विंटल लकड़ी जला देते हैं। कई जगहों पर तो हरे-भरे पेड़ भी काटकर होली में रख दिए जाते हैं, जिससे प्रकृति को नुकसान होता है।



**पर्यावरण शुद्ध करने की पहल**

हिमांशु तिवारी ने बताया कि होलिका दहन के दौरान उपले और गोकाष्ठ जलाने के साथ उसमें कपूर और इलायची डालने से वातावरण शुद्ध होगा। इससे स्वाइन फ्लू जैसे संक्रमण फैलाने वाले कीटाणु भी नष्ट हो जाएंगे। उन्होंने सभी से आओ जलाएं कंडों की होली अभियान में सहयोगी बनने की अपील की। साथ ही कहा कि जागरूक नागरिक की भूमिका निभाते हुए हमें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए।

**युवाओं ने लिया संकल्प**

युवा टीम उमरिया के सदस्यों ने इस वर्ष उमरिया जिले के विभिन्न स्थानों पर कंडों की होली जलाने का निर्णय लिया है। इन युवाओं का कहना है कि इस बार लकड़ी की जगह आसपास उगी झाड़ियों का उपयोग किया जाएगा और कंडों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसकी तैयारी में 100 से अधिक युवा जुटे हुए हैं। युवाओं ने आवाहन किया कि आइए, इस बार होली पर यह शपथ लें कि लकड़ी न जलाएंगे और न जलाने देंगे। प्राकृतिक रूप से होलिका के लिए गोबर के कंडों का प्रयोग करेंगे। इससे पर्यावरण भी शुद्ध रहेगा और गौशालाएं भी समृद्ध होंगी। इस अभियान में टीम संयोजक हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, लक्ष्मी महोबिया, खुशबू बर्मन, साक्षी रैदास, महक सोनी, सुनैना प्रजापति, पिंकी महोबिया सहित 100 युवा जुटे हुए हैं।

## आधुनिक कृषि तकनीक और योजनाओं से हुए अवगत

**शहडोल, देशबन्धु।** किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक की जानकारी और शासकीय योजना की जानकारी देने के साथ ही दो दिवसीय कृषि विज्ञान सह मिलेट मेला शनिवार को संपन्न हो गया। कृषि विज्ञान सह मिलेट मेला में उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन और कृषि विभाग द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। मेला में आधुनिक कृषि उपकरणों का भी प्रदर्शन किया गया। मेला में आए किसानों ने भी अपने अनुभवों को साझा किया।

कृषि विज्ञान सह मिलेट मेला का शुक्रवार को जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह ने विधिवत शुभारंभ किया इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य राजेश बैगा, जनपद पंचायत अध्यक्ष हरिलाल कोल, किसान संघ के अध्यक्ष रविकांत त्रिपाठी और संयुक्त संचालक कृषि जेएस पंद्राम सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित रहे। शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं उन्होंने किसानों से कहा कि वह इन योजनाओं का लाभ उठाएं और खेती को लाभ का धंधा बनाएं।